# शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर

# स्वयंसिद्धा

कुल छात्राएं 912

## महाविद्यालय न्यूज लेटर

अंक –02 दिसम्बर 2015



**संरक्षक**
डॉ. सुमन तनेजा
प्राचार्य

**संपादक**
डॉ गणेशलाल जैन
डॉ. जया शर्मा

**सह–संपादक**
डॉ. मो. सादिक, डॉ. प्रतिभा सोनी,
ब्रिजेश विश्वकर्मा


## प्राचार्य की कलम से



चरित्र शिक्षा की बुनियाद है। हृदय की शिक्षा अर्थात चरित्र के विकास को पहला स्थान दिया जाना चाहिए। यही शिक्षा की बुनियाद है। यदि बुनियाद पक्की हों तो शिक्षा की इमारत अपने चमकते – दमकते पहलुओं के साथ विधार्थी के जीवन को जगमग बना सकती है। अवसर मिलने पर विधार्थी अपनी ताकत से इसे खुद जान सकता है।

डॉ.सुमन तनेजा
प्राचार्य

दिनांक 11/02/2015 को शासकीय कन्या महाविद्यालय के विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ अंतर्गत " कॉन्फिडेंस बिल्डिंग " पर व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ कलिका डोलस ने बताया कि किसी भी क्षेत्र मे सफलता के लिए आत्मविश्वास होना बेहद जरूरी है। व्याख्यान मे श्रीमति पूजा खनूजा ने आत्मविश्वास हेतु वर्तमान मे अंग्रेजी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा " हाउ टू लर्न स्पोकन इंग्लिश एट होम " के बारे मे कुछ टिप्स दिए, जिसे छात्राओं के लिए अत्याधिक उपयोगी बताया। कार्यक्रम मे प्राचार्य डॉ. सरला कसोटिया ने भी विद्यार्थियों को छोटे छोटे वाक्यो को अंग्रेजी मे बोलने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत मे श्री बी. एन. अरोरा ने आभार व्यक्त किया एवं प्रेरक उद्बोधन देकर छात्राओं को अंग्रेजी की वर्तमान समय मे उपयोगिता के बारे मे बताया।



शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में दिनांक 20.05.2015 से प्रारम्भ होने वाली प्रवेश प्रकिया की सारी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। दिनांक 19.05.2016 को प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में प्रवेश प्रभारी डॉ. श्रीमती अमोल मांजरेकर द्वारा सभी प्राध्यापक/सहा.प्राध्यापको की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रवेश नियमो की जानकारी दी गई। महाविद्यालय में बी.एस.सी., बी.ए., बी.काम, बी.बी.ए.एव बी.सी.ए. संकायो में प्रवेश दिये जायेगें।

दिनांक 29/05/2015 मे शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर मे कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले एकदिवसीय मेले के संबंध में विद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक मे 02/06/2015 को महाविद्यालय मे एक दिवसीय मेला का आयोजन कर शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी, ऐल्यूमिनी एसोसिएसन, स्वामी विवेकानन्द कैरियर योजना, महाविद्यालय स्तर पर देने वाली सुविधाओं एवं संचालित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी अभिभावकों व विद्यार्थियों को देने का निर्णय लिया गया।

## ***कालेज चलो अभियान एक दिवसीय मेला***

आज दिनांक 02.06.2015 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में "कालेज चलो अभियान" एक दिवसीय मेले का आयोजन अग्रणी महाविद्यालय सीहोर प्राचार्य डॉ. व्ही.के. शुक्ल के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सरला कसोटिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा मॉ सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. श्रीमती अमोल मांजरेकर ने कालेज चलो अभियान के अन्तर्गत एक दिवसीय मेले का उद्देश्य, विद्यालय के प्राचार्यो, अभिभावको एवं छात्राओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि कन्या महाविद्यालय सीहोर जिले का एकमात्र कन्या महाविद्यालय है। जिसमें पॉच संकाय संचालित हैं। साथ में उत्तम पुस्तकालय, वाचनालय, खेलकूद की सुविधाएँ, व्यक्तित्व विकास, रोजगार उन्नमुखी कार्यक्रम, राष्ट्रीय सेवा योजना की सुविधा के अतिरिक्त होस्टल सुविधा भी उपलब्ध है। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा कु. रेणू धाड़ी ने अपने महाविद्यालय के अनुभव, माहौल, सुविधाओं का उल्लेख किया। मुख्य अतिथि डॉ. शुक्ल ने बताया कि छात्र परिवार बनाते हैं छात्राएँ पीढ़ी का निर्माण करती हैं। महाविद्यालय में प्रवेश लेने से छात्राओं में आत्मविश्वास, आत्मसम्मान एवं आत्म निर्भरता का विकास होता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. सरला कसोटिया ने अभिभावको एवं छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश के लिए प्रेरित किया। डॉ. जया शर्मा सहा.प्रा. वाणिज्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति सदस्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं श्री बी.एन. अरोरा सहित महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।



## ***रक्तदान कर बचाई जान***

दिनांक 04.06.2015 को शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कप्तान कु. मेघा परमार ने रक्तदान कर दो लोगों की जिन्दगी बचाई। जिला अस्पताल मे प्रसव पीड़ा से ग्रसित सरिता को तत्काल ओ – पोजीटिव रक्त समूह की आवश्यकता थी। नियमित रक्तदाता कु. मेघा परमार ने तुरन्त अस्पताल जाकर रक्तदान कर पीड़ित महिला एवं उसके बच्चे को बचाया। मेघा परमार पूर्व में भी पॉच बार रक्तदान कर चुकी है। महाविद्यालय परिवार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री को अपनी इस छात्रा पर गर्व है। सभी ने मेघा परमार को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

## ***व्यक्तित्व विकास में "करे राष्ट्र निर्माण पर व्याख्यान"***

दिनांक 26.08.2015 को शासकीय कन्या महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के अन्तर्गत "करे राष्ट्र निर्माण पर व्याख्यान" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने की तथा मुख्य वक्ता डॉ. राजेश बकोरिया ने व्याख्यान दिया। इन्होने महाविद्यालय की छात्राओं को राष्ट्र के विकास हेतु देश की विभिन्न योजनाओं को समाज में जागरूकता लाने के लिये प्रोत्साहित किया साथ ही उन्होने छात्राओं को स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने पर भी जोर दिया। व्याख्यान में प्राकृतिक आपदाओं और समय–समय पर रक्तदान कर समाज सेवा हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में 100 छात्राए थी कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजरी अग्निहोत्री और आभार डॉ. प्रतिमा खरे ने किया। कार्यक्रम में डॉ. नीलम वासनिक एवं स्टॉफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित थें।











दिनॉक 04/09/2015 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की छात्राओं एवं महिला प्राध्यापक/सहा. प्राध्यापक द्वारा ई– शक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यालय जनपद पंचायत बैठक हॉल में आयोजित प्रशिक्षण में सहभागिता की। महाविद्यालय से 140 छात्राओं एवं महिला शैक्षणिक स्टॉफ ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। यह प्रशिक्षण महिलाओं में इण्टरनेट के प्रति जागरूकता लाने हेतु ई– शक्ति अभियान के अन्तर्गत कार्यालय कलेक्टर ई–गर्वेनेस सोसायटी जिला सीहोर के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से महिलाओ को इण्टरनेट के उपयोग के संबंध में जागरूक करने पर जोर दिया गया। यह प्रशिक्षण विज्ञान एवं टेक्नॉलाजी विभाग सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भोपाल द्वारा भी निर्देशित था। मध्य प्रदेश शासन के महिलाओं में कम्प्यूटर एवं इंटरनेट के उपयोग को बढाने हेतु यह एक सराहनीय कदम है। इस प्रशिक्षण से छात्राओं को कई आवश्यक जानकारियॉं प्राप्त हुई। जिनमें ई– मेल, सोशल नेटवर्किंग, यू–ट्यूब, बेव सर्चिंग एवं इंटरनेट पर जानकारियॉं कैसे प्राप्त करें आदि सम्मिलित है। महाविद्यालय कि प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. जया शर्मा द्वारा अधिकाधिक संख्या में छात्राओ को प्रशिक्षण में सम्मिलित होने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सम्पूर्ण महाविद्यालयीन स्टॉफ का सक्रीय योगदान रहा।

## ***राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन***

दिनाक 24/09/2015 को राष्ट्रीय सेवा योजना के 46 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रा.से.यो की थीम "स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य" पर एक रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविघालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविघालय से भोपाल नाका तथा गोद ग्राम मुरदी होते हुए वापस महाविघालय आयी। रैली में सभी स्वंय सेवकों ने लोगो को सफाई स्वच्छता, स्वास्थ्य डेंगू, जैसी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया। डॉ. तनेजा ने छात्राओं को सफल रैली की बधाई देते हुए रा.से.यो को समाज में जागरुकता लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। रैली में पूर्व रा.से.यो कप्तान कुमारी मेघा परमार, कप्तान कुमारी टीना करोसिया, पद्मिनी परमार, मंजू राजपूत, योजना चौरसिया, ज्योति मालवीय, प्रियंका विश्वकर्मा, प्रीति राठौर का विशेष सहयोग रहा। सम्पूर्ण रैली रा.से. यो अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं पूर्व रा.से.यो अधिकारी राजेश बकोरिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।






## पूर्व रा.से.यो. जिला संगठक का सम्मान

दिनाक 26/09/2015 को राष्ट्रीय सेवा योजना के 46 वर्ष पूर्ण होने के दो दिवसीय कार्यक्रम में डॉ. सुधा लाहोटी द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त पूर्व जिला संगठक रा.से.यो शा.कन्या महाविद्यालय सीहोर, का सम्मान किया गया। मैडम लाहोटी ने रा.से.यो. को कर्मठता से जीते हुए अपने अनुभवों को स्वयं सेवकों के साथ बांटा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ही वह मंच है जो न केवल व्यक्ति में आत्म विश्वास, अनुशासन, सहयोग की भावना का विकास, प्रतिभा में निखार लाता है बल्कि जीवन का वास्तविक अर्थ व समाज में जीने की कला भी सिखाता है, समाज में व्यक्ति को पहचान दिलाता है। इसके साथ ही छात्राओं ने लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया कार्यक्रम में पूर्व रा.से.यो. अधिकारी श्री राजेश बकोरिया के साथ प्रियंका विश्वकर्मा ज्योति मालवीय,मंजू राजपूत ,रंजना गेहलोत, माधवी मालवीय का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन रा.से.यो अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने किया। भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर निबंध एंव स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।





## संभाग स्तरीय (महिला/पुरूष) कुश्ती प्रतियोगिता का शासकीय कन्या महाविद्यालय मे सफल आयोजन

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की आयोजन व्यवस्था में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय महिला/पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के मल्टीपरपस हॉल में दिनांक 26.09.2015 को डॉ. सुमन तनेजा प्राचार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें भोपाल संभाग के अन्तर्गत आने वाले सभी सात जिलों के महिला/पुरूष पहलवानों ने अपने जोहर दिखाते हुए निम्न किलोग्राम वर्ग में संभाग स्तर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किये। महिला वर्ग कुश्ती में 48 कि.ग्रा. कु. पदमिनी परमार सीहोर, 53 कि.ग्रा. कु. प्रिया होशंगाबाद , 55 कि.ग्रा. कु. पुष्पा विश्वकर्मा भोपाल, 58 कि. ग्रा. कु. जूहीसिंह भोपाल एवं 60 कि.ग्रा. वर्ग में कु. मेघा सोनी सीहोर, 63 कि.ग्रा. में कु. सोनम आम्रवंशी होशगांबद, 67 में कु. मोनिका राजपूत भोपाल एव 75 कि.ग्रा. में कु. निहारिका राय सीहोर ने विजयश्री हासिल की जबकि पुरूष वर्ग में 57 कि.ग्रा. श्री पंकज भोपाल, 61 कि.ग्रा. श्री विशाल यादव सीहोर, 65 कि. ग्रा. श्री जयदीप भोपाल, 70 कि.ग्रा. श्री राहुलवर्मा राजगढ़, 74 कि.ग्रा. वर्ग में श्री अर्पित होशंगाबाद, 86 कि. ग्रा. में श्री दीपयादव व 120 कि.ग्रा. श्री अरमान भोपाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चयन समिति में श्री शरद तिवारी भोपाल, श्रीमती सरिता कुशवाह भोपाल, श्री रवि विरहा क्रीड़ा अधिकारी सीहोर ओर निर्णायक की भुमिका में श्री चन्द्रशेखर शर्मा, श्री अजय बिसौरिया एवं श्री सुरेन्द्र कुशवाह ने सहयोग प्रदान किया।

# छात्राओं ने लिया रोजगार का प्रशिक्षण

सत्र प्रारंभ होने के साथ एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्याल में कार्यरत प्रकोष्ठ संबंधी जानकारी दी गई, जिसके तहत प्रकोष्ठ में उपलब्ध सुविधायें, पत्र, पत्रिकायें, गाई जरनल्स आदि की जानकारी दी गई। तथा सत्र में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई। प्रकोष्ठ उपलब्ध पत्र–पत्रिकायें जरनल्स कम्प्यूटर सुविधा, स्केनर सुविधा आदि का कैरियर हेतु उपयोग करने व प्रेरणा दी गई।

कैलेण्डर अनुसार साहवार कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें कौशल विकास की जानका योजना क्रमांक 6915 तथा 7851 की जानकारी दी गई। मेल आई.डी. बनाना सिखाया, स्वरोजगार हेतु पेकिं एवं सेल्स प्रमोशन के तरीके तथा इस हेतु ऋण सुविधा के स्त्रोत के बारे में जानकारी दी गयी। प्रतियोग परीक्षाओं की तैयारी विवेकानंद सप्ताह अंतर्गत विवेकानंद के व्यक्तित्व, कृत्तित्व एवं प्रेरक प्रसंग छात्राओं व बताए गए जिससे प्रेरणा लेकर विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व में निखार ला सके। कैरियर कॉलेज के सहयोग : विद्यार्थियों को OMR शीट भरने का सही तरीका बताया गया तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित व गयी।

योजना क्रमांक 6915 अंतर्गत स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के तहत् सॉफ्टवेयर का 21 दिवसी प्रशिक्षण माह सितम्बर में जनशिक्षण संस्थान के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जिसमें लगभग 7 छात्रायें लाभान्वित हुई।

दिनांक 28 एवं 29 जनवरी 2015 को अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में आयोजित कैरियर अवस मेले में महाविद्यालय का स्टॉल लगाया एवं अधिक से अधिक छात्राओं को मेले में पंजीकरण करने हे प्रोत्साहित किया।

दिनांक 09 फरवरी को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रार्थना सभा में सभी संकायो व उपस्थित छात्राओं ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। दिनांक 11.02.2015 को How to learn spoken English at hon

E:\Bhanu\Dolas mem\latter.docx 27






